# 13 लाख के नकली नोट के साथ तीन दबोचे

- **हिंदी न्यूज़**
- उत्तर प्रदेश
- नोएडा

Publish Date:Tue, 07 Jul 2020 08:43 PM (IST)



संवाद सहयोगी, जेवर : जेवर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को असली नोटों के बदले दोगुना नकली नोट देकर ठगी करने वाले तीन आरोपितों को धर दबोचा है। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने 13 लाख के नकली नोट व पांच हजार के असली नोट बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपित अनजान व्यक्ति से फोन पर संपर्क करते थे और उनको झांसा देते थे कि उनके पास असली नोट है जो कि वह दोगुना रेट में बदलना चाहते हैं। लोग झांसे में आ जाते थे और ठगी का शिकार हो जाते थे। पुलिस ने तीनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

जेवर कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर झाझर रोड स्थित यमुना एक्सप्रेस वे के नोएडा अंडरपास के पास एक कार को रोककर तलाशी लेने पर कार से 13 लाख के नकली नोट व पांच हजार के असली नोट बरामद किए गए हैं। असली और नकली दोनों ही पांच-पांच सौ के नोट थे। आरोपितों की पहचान कृष्ण शर्मा, राजेश कुमार व रवि शर्मा निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई है। आरोपित जब किसी को नकली नोट की गड्डी दिखाते थे तो उस पर पहला व आखिरी नोट असली लगा देते थे, जिससे कि कोई पकड़ न सके कि पूरे नोटों की गड्डी नकली है। लोग झांसे में आ जाते थे और असली नोट समझ कर नकली नोटों की गड्डी ले लेते थे।

---

बंगाल के मालदा टाउन से आते है नोट

पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपितों के पास बंगाल के मालदा टाउन से नकली नोटों की सप्लाई आती थी। इस काम में कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। आरोपितों को नकली नोट तीस फीसद के असली नोट के भुगतान के बाद मिलते थे।

---

तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित लोग को झांसा देते थे कि वह असली की तरह दिखने वाले नोट दोगुना करके देंगे। झांसे में आकर लोग असली नोट के बदले नकली नोट ले लेते थे।

राजेश कुमार सिंह, डीसीपी ग्रेटर नोएडा

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/noida-three-caught-with-fake-notes-of-13-lakhs-20484902.html